प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 27.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज दिल्ली दौरे पर हैं श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कीं इस दौरान उन्होंने राज्य में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा कीं मुख्यमंत्री का दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा सहित अन्य केन्द्रीय मंत्रियों से भेंट का भी कार्यक्रम हैं

0000

भारत निर्वाचन आयोग आज शाम मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगां इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखवीर सिंह संधु और विवेक जोशी देशभर में एसआईआर की तारीखों का ऐलान कर सकते हैं आयोग के अनुसार अगले हफ्ते पूरे देश में स्पेशल इन्टेन्सिव रिविजन की प्रकिया शुरू हो सकती हैं इसकी शुरूआत उन 10–15 राज्यों से होगी जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं

0000

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई ने केन्द्र सरकार से सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत को अगला मुख्य न्यायाधीश बनाये जाने की सिफारिश की हैं उनका नाम कानून मंत्रालय को मंजूरी के लिए भेजा गया हैं इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय में देश के 53 वें सीजेआई की नियुक्ति प्रकिया शुरू हो गई हैं गौरतलब है कि सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवम्बर को समाप्त हो रहा हैं

0000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के नये महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने आज पदभार ग्रहण कियां आईपीएस श्री गुप्ता ने एसीबी मुख्यालय में कार्यभार संभालां मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की मुहीम में अपनी टीम के साथ मजबूत भूमिका निभायेंगें इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जायेगां

.........

0000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर 11 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव में नाम वापसी का आज अंतिम दिन हैं इसके साथ ही उम्मीदवारों की तस्वीर पूरी तरह से साफ हो जायेगीं इस बीच आयोग निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर रहा हैं

0000

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पूरे देश में एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों से इसमें भाग लेकर सरदार पटेल और उनके अखंड भारत के दृष्टिकोण का सम्मान करने का आग्रह किया हैं

0000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई उदयपुर, चित्तौडगढ, बारां और राजसमंद में भी कई जगह पानी बरसां कल से शुरू हुआ बरसात का सिलसिला आज भी रूक–रूक कर विभिन्न स्थानों पर जारी हैं राजधानी जयपुर में भी सुबह से ही बादल छाये हुए है और बूंदाबांदी हो रही हैं सबसे अधिक करीब 7 सेंटीमीटर बारिश कोटा के खातोली में दर्ज की गई वहीं पीपलदा और सांगोद में भी अच्छी बरसात हुई मौसम विभाग ने आज और कल उदयपुर, कोटा, अजमेर, जोधपुर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ जिलों में गरज के साथ मध्यम से तेज बारिश के आसार जताये हैं कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश भी हो सकती हैं बारिश की गतिविधियां 30 अक्टूबर तक बनी रहने की संभावना हैं

0000

छठ महापर्व के तीसरे दिन आज अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगां कल उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ ये पर्व सम्पन्न होगां छठ पर्व पर प्रदेशभर के घाटों पर उत्साह का माहौल हैं व्रत के

साथ ही श्रद्धालु अर्घ्य अर्पित करने की तैयारियां कर रहे हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए इसे सूर्य देव और छठी मैया तथा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर बताया हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी लोक आस्था के महापर्व पर शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख समृद्धि और सौभाग्य की मंगल कामना की हैं

0000

गृह मंत्री अमित शाह ने भारत की उभरती मेरीटाइम शक्ति को आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया हैं उन्होंने कहा कि आज दुनिया का दो तिहाई व्यापार इंडोपेसफिक क्षेत्र से हो रहा हैं श्री शाह आज मुम्बई में इंडिया मेरीटाइम वीक के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थें

00000